# गोरखपुर, बाराबंकी, पीलीभीत में बनेगा इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन मैन्युफैक्चरिंग पार्क

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार पीलीभीत, बाराबंकी और गोरखपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग पार्क विकसित करेगी। इन पार्कों में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के डिजाइन, विकास और निर्माण के लिए बुनियादी ढांचा और सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इन पार्कों में सेमीकंडक्टर चिप्स, मोबाइल फोन, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक्स, IoT डिवाइस और मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उत्पाद बनाए जाएंगे। राज्य सरकार इन पार्कों को पीपीपी मोड पर विकसित करेगी। बुधवार को राजधानी में इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग के विषय पर आयोजित राउंडटेबल में इसका ऐलान किया गया।

राउंडटेबल के दौरान अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने कहा कि निवेशकों की सुविधा के लिए जल्द ही निवेश मित्र-3.0 लॉन्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने 2047 तक यूपी को 6 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी को पाने के लक्ष्य का रोडमैप प्रस्तुत किया। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार केवी राजू ने निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में निवेशकों को जानकारी दी। प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार ने उद्यमियों और निवेशकों को नीतियों के बारे में जानकारी दी। प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अनुराग यादव ने कहा कि अब भारत में बनने वाले कुल मोबाइल फोन का लगभग आधा हिस्सा उत्तर प्रदेश में बनता है।

> पीपीपी मोड पर विकसित किए जाएंगे पार्क